दैनिक
न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-सेहत-फीचर-खाना खजाना-राशिफल



*संपादकीय*

# समीक्षा पर स्पष्टता चाहिए

**अगर करोड़ों लोग मनरेगा को अपने लिए सहारा मानते हैं, तो सरकार को इसके मौजूदा स्वरूप की समीक्षा करने के बजाय अपनी आर्थिक नीतियों और उनके परिणामों पर पुनर्विचार करना चाहिए।**

**किसी योजना की एक खास अवधि के बाद समीक्षा की जाए, यह उचित ही है। इसलिए महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून (मनरेगा) के अब तक के अनुभवों का आकलन केंद्र करे, तो उसमें समस्याग्रस्त बात नहीं होगी। लेकिन समस्या उस सोच में जरूर है, जो समीक्षा का कारण बताते हुए कही गई है। केंद्र सरकार की तरफ से जो कहा गया है, उसका सार यह है कि मनरेगा बिहार और उत्तर प्रदेश जैसे गरीब राज्यों में गरीबी खत्म करने का सहारा नहीं बना है, जबकि केरल जैसे अपेक्षाकृत समृद्ध राज्यों ने इसका बेहतर इस्तेमाल किया है। कहा गया है कि केरल जैसे राज्य इस योजना का उपयोग कर अपने यहां संपत्ति निर्मित कर रहे हैं, जबकि बिहार और उप्र में इसे प्रभावी ढंग से लागू नहीं किया गया है। केंद्र के अधिकारियों ने कहा है कि ऐसा होने के बावजूद चूंकि कानून के मौजूदा स्वरूप के कारण केंद्र केरल जैसे राज्यों को आवंटित होने वाले धन में कटौती नहीं कर सकता, इसलिए अब इस पूरी योजना की समीक्षा की जरूरत है।**

**जाहिर है, इन बातों से संकेत मिलता है कि केंद्र आर्थिक और मानव विकास के पैमों पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले (खास कर दक्षिणी) राज्यों को मनरेगा के तहत मिलने वाले धन से वंचित करना चाहती है। इसके पहले पिछले वित्त आयोग के गठन के समय भी ऐसा हुआ था, जब केंद्र ने धन आवंटन की कसौटी में परिवर्तन कर आबादी को आवंटन का आधार बना दिया था। स्पष्टत: इस सोच से जहां दक्षिणी राज्यों में अपने साथ भेदभाव होने का भाव पैदा होगा, वहीं यह सवाल उठेगा कि क्या बेहतर प्रदर्शन को दंडित किया जाना चाहिए? वैसे यह भी स्पष्ट करने की जरूरत है कि मनरेगा का उद्देश्य गरीबी हटाना है या इसे अत्यंत गरीब श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा के उपाय के रूप में शुरू किया गया था? आदर्श स्थिति यह है कि मनरेगा जैसे उपायों की जरूरत ही ना रहे। इसके बावजूद अगर देश में करोड़ों लोग इस योजना को अपने लिए सहारा मानते हैं, तो उचित यह होगा कि सरकार को इसके मौजूदा ढांचे की समीक्षा करने के बजाय अपनी आर्थिक नीतियों और उनके परिणामों पर पुनर्विचार करे। वरना, इस समीक्षा पर सवाल तो उठेंगे।**

# दूसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि 6.3 प्रतिशत : एनएसओ

**नई दिल्ली ।** भारत के सकल घरेलू उत्पादन (जीडीपी) में चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही जुलाई-सितंबर, 2022 के दौरान स्थिर मूल्य पर (आधार वर्ष 2011-12) पिछले वर्ष इसी अवधि की तुलना में 6.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी। यह जानकारी सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जारी आंकड़ों में दी गयी है।




इस दौरान सकल वर्धित मूल्य (जीवीए) में वृद्धि 5.6 प्रतिशत रही। जीडीपी में सब्सिडी को जोडऩे और उत्पाद पर करों को घटाकर जीवीए निकाला जाता है।

वित्त वर्ष 2022-23 की पहली तिमाही की वृद्धि दर 13.5 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2021-22 दूसरी तिमाही की वृद्धि दर 8.4 प्रतिशत थी। कोविड के कारण पिछले वित्त वर्ष में वृद्धि दर गिरने से उसकी तुलना में इस वर्ष पहली तिमाही के वृद्धि दर के आंकड़े अधिक आकर्षक दिखते हैं लेकिन धीरे-धीरे तुलनात्मक आधार का प्रभाव खत्म हो रहा है।

एनएसओ के आंकड़ों के अनुसार स्थिर मूल्य पर भारत का जीडीपी 2022-23 की दूसरी तिमाही में अनुमानित 38.17 लाख करोड़ रुपये रहा जबकि वित्त वर्ष 2021-22 की इसी तिमाही में यह 35.89 लाख करोड़ रुपये था।

आंकड़ों के अनुसार वर्तमान मूल्य पर जुलाई-सितंबर, 2022 की तिमाही में जीडीपी एक वर्ष पहले की तुलना में 16.2 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 65.31 लाख करोड़ रुपये था जबकि वित्त वर्ष 2021-22 की दूसरी तिमाही में वर्तमान मूल्य पर जीडीपी 56.20 लाख करोड़ रुपये था।

आंकड़ों के मुताबिक चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में स्थिर मूल्य पर जीडीपी 9.7 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 75.02 लाख करोड़ रुपये आंका गया है। पिछले वित्त वर्ष की पहली छमाही में स्थिर मूल्य पर जीडीपी 13.7 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ 68.36 लाख करोड़ रुपये था। इसी तरह वर्तमान मूल्य पर चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में जीडीपी 130.26 लाख करोड़ रुपये आंका गया है जो एक वर्ष पहले इसी अवधि के 107.47 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 21.2 प्रतिशत वृद्धि दर्शाता है। पिछले वित्त वर्ष की पहली छमाही में वर्तमान मूल्य पर जीडीपी में सालाना आधार पर 25 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गयी थी।

इकरा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि तुलनात्मक आधार समान्य होने से दूसरी तिमाही की जीडीपी वृद्धि के आंकड़ें नीचे आने की उम्मीद पहले से थी और दूसरी तिमाही का आंकड़ा जीडीपी की वृद्धि की दिशा का एक बेहतर अनुमान कहा जा सकता है। उन्होंने कहा कि हमने दूसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था और यह आंकड़ा उससे हल्का ही कम है।

# परफेक्ट डे ने स्टर्लिंग बॉयोटेक का अधिग्रहण किया पूरा

**नई दिल्ली ।** अमेरिकी कंपनी परफेक्ट डे इंक ने भारत में अपने कारोबार को गति देने के उद्देश्य से स्टर्लिंग बॉयोटेक का अधिग्रहण पूरा करने के साथ ही भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण से पशु मुक्त दुग्ध प्रोटीन के लिए मंजूरी भी हासिल कर ली है।

कंपनी ने आज यहां ये घोषणा करते हुये कहा कि उसने दो महत्वपूर्ण कदमों के साथ अपनी वैश्विक दृष्टि और उत्पादन कौशल को मजबूत बनाने जा रही है। कंपनी के लिए अपनी उत्पादन क्षमता को बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण बाजार, अपने ज्यादा हितकारी, हरित प्रभाव का विस्तार और अपनी टीम में शीर्ष कैलिबर प्रतिभा को जोडऩा शामिल है। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने अपने पशु-मुक्त दुग्ध प्रोटीन के लिए कंपनी के आवेदन को मंजूरी दे दी है। इससे भारत में व्यवसायीकरण का द्वार खुल गया है। निकट भविष्य में परफेक्ट डे वैश्विक ग्राहकों की बढ़ती माँगों को पूरा करने के लिए भारत में उत्पादित पशु-मुक्त




प्रोटीन का निर्यात करेगा, जबकि यह घरेलू वाणिज्यिक अवसरों के लिए एक रोडमैप बनाने पर काम करता है।

कंपनी ने स्टर्लिंग बायोटेक लिमिटेड (एसबीएल) का अधिग्रहण भी पूरा किया। इस अधिग्रहण के बाद निकट भविष्य में चार और उच्च-मूल्य वाली संपत्तियों के जुडऩे के साथ कंपनी की उत्पादन क्षमता दोगुनी हो जायेगी। इनमें गुजरात के मसर में दो चालू विनिर्माण कारखाने शामिल हैं। कंपनी ने 638 करोड़ रुपये की नीलामी कीमत जीतने के लिए डेढ़ गुणा तत्काल निवेश पर उम्मीद से ज्यादा प्रदान किया है। इन निर्माण सुविधाओं में कंपनी को फार्मा और प्रोटीन दोनों क्षेत्रों में मौजूदा एसबीएल ग्राहकों की सेवा जारी रखते हुए आने वाले महीनों में अपनी क्षमताओं का विस्तार करने में मदद मिलेगी।

## एस्सार ऑयल ब्रिटेन में निम्न कार्बन रिफाइनरी पहल पर कर रही है 36 करोड़ पाउंड खर्च

**स्टैनलो ।** एस्सार समूह की कंपनी एस्सार ऑयल यूके लिमिटेड ने ब्रिटेन में अपनी स्टैनलो रिफाइनरी में 36 करोड़ पाउंड का एक नया और बड़ा 'कार्बन कैप्चर' प्लांट बनाने की अपनी योजना की घोषणा की।

कंपनी ने एक बयान में कहा कि यह निर्णय 2030 तक निम्न कार्बन उत्सर्जन करने वाली एक अग्रणी रिफाइनरी बनने की उसकी महत्वाकांक्षा के अनुरूप है। बयान में कहा गया है कि एस्सार समूह ऊर्जा दक्षता, ईंधन-स्विचिंग और कार्बन कैप्चर पहलों में कुल एक अरब पाउंड से अधिक निवेश कर रहा है।

एस्सार की ऊर्जा परिवर्तन रणनीति पांच सिद्धांतों, स्टैनलो रिफाइनिंग प्रक्रियाओं को यथासंभव कुशलतापूर्वक और सुरक्षित रूप से चलाना, स्टैनलो में रिफाइनिंग को डीकार्बोनाइज़ करना, वर्टेक्स हाइड्रोजन से हाइड्रोजन भविष्य का निर्माण, हरित ईंधन का विकास (स्वस्थ विमानन ईंधन सहित) और स्टैनलो टर्मिनल्स लिमिटेड के माध्यम से ब्रिटेन की सबसे बड़ी जैव ईंधन भंडारण सुविधा की स्थापना पर केंद्रित है।

## अप्रैल-अक्टूबर में राजकोषीय घाटा वार्षिक अनुमान के 45.6 प्रतिशत पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** भारत का राजकोषीय घाटा चालू वित्त वर्ष के प्रथम सात महीनों अप्रैल-अक्टूबर 2022 के दौरान 7.54 लाख करोड़ रुपये रहा जो बजट में अनुमानित वार्षिक अनुमान का 45.6 प्रतिशत है। वित्त मंत्रालय के जारी आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2021-22 की इसी अवधि में राजकोषीय घाटा 5.47 लाख करोड़ रुपये के साथ वार्षिक बजट अनुमान के 36.3 प्रतिशत के बराबर था।




चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-अक्टूबर की अवधि में सरकारी प्राप्तियां 13.86 लाख करोड़ रुपये और खर्च 21.4 लाख करोड़ रुपये रहा। प्राप्तियों का यह आंकड़ा वार्षिक अनुमान 60.7 प्रतिशत और खर्चों का आंकड़ा 54.3 प्रतिशत है। अप्रैल-अक्टूबर 2022 में राजस्व प्राप्ति 13.50 लाख करोड़ रुपये रही जिसमें कर राजस्व 11.71 लाख और गैर कर राजस्व 1.79 लाख करोड़ रुपये रहा। राजस्व घाटा इस दौरान 3.85 लाख करोड़ रुपये रहा जो पूरे वर्ष के बजट अनुमान का 38.8 प्रतिशत है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने चालू वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद जीडीपी के 6.4 प्रतिशत तक सीमित रखने का लक्ष्य रखा है। पिछले वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटा जीडीपी के 6.7 प्रतिशत था।

सरकार ने इस वर्ष मई में पेट्रोल और डीजल पर कर घटाया था, जिसका राजस्व वसूली पर असर पडऩे का अनुमान है। इकरा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि अप्रैल-अक्टूबर 2022-23 में केंद्र सरकार के शुद्ध कर राजस्व में 11 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि हुयी जबकि इसी दौरान गैर कर राजस्व पिछले वर्ष से 14 प्रतिशत कम रहा है। उन्होंने कहा कि इसी दौरान राजस्व खर्च में 10 प्रतिशत और पूंजीगत खर्च में 62 प्रतिशत के जोरदार विस्तार के चलते इन सात महीनों में राजकोषीय घाटा बढक़र 7.6 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। इकरा का अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटा 6.4 प्रतिशत के लक्ष्य से ऊपर नहीं जाएगा क्योंकि चालू वित्त वर्ष में जीडीपी में वर्तमान कीमतों पर 15 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है जबकि बजट में वृद्धि का अनुमान 9.1 प्रतिशत के आसपास रहने का अनुमान लगाया गया है।

## सरकार के जल शक्ति मंत्रालय का ट्विटर हैंडल हुआ हैक, सुरक्षा एजेंसियां जांच में जुटी

**नई दिल्ली ।** हैकर्स ने आज सुबह केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय का ट्विटर हैंडल हैक कर लिया। सिक्योरिटी एजेंसी और साइबर एक्सपर्ट इस मामले की जांच में जुट गए हैं। मंत्रालय का ट्विटर हैंडल ऐसे वक्त पर हैक हुआ, जब हाल ही में एम्स दिल्ली के सर्वर पर साइबर अटैक हुआ था। हालांकि, बताया जा रहा है कि अब ट्विटर अकाउंट ठीक हो गया है। बता दें कि हैंकर्स ने गुरुवार की सुबह इस घटना को अंजाम दिया है। हैकर्स ने एम्स दिल्ली अस्पताल के सर्वर को निशाना बनाने के बाद इस बार मिनिस्ट्री ऑफ जल शक्ति के ट्विटर अकाउंट को हैक कर लिया है। केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय के ऑफिशियल ट्विटर अकाउंट को हैक करने के बाद हैकर्स ने एक के बाद एक कई ट्वीट करते हुए स्वच्छ भारत और अन्य मंत्रालय को टैग किया है।




आप लोगों की जानकारी के लिए बता दें कि मिनिस्ट्री ऑफ जल शक्ति के ट्विटर अकाउंट से जितने भी ट्वीट किए गए थे उन्हें डिलीट कर दिया गया है। बता दें कि ट्वीट के साथ कुछ बोट अकाउंट्स और कुछ रियल अकाउंट्स को भी टैग किया गया था। आपको ये बात हैरान कर देगी लेकिन यह सच है कि हैकर्स ने अकाउंट को अपने कब्जे में लेने के बाद 80 से ज्यादा ट्वीट किए थे। गौर करने वाली बात यह है कि कुछ ट्विटर अकाउंट्स को लेकर ऐसा संदेह है कि वह बोट अकाउंट से संबंधित थे क्योंकि इन अकाउंट्स पर 10 से भी कम फॉलोअर्स थे। ट्वीट के साथ टैग किए कुछ रियल अकाउंट्स पर 2000 से भी ज्यादा फॉलोअर्स मौजूद हैं। बता दें कि कुछ ट्वीट में तो पाकिस्तानी अकाउंट्स को भी टैग किया गया था। इसके अलावा क्रिप्टो-आधारित ट्विटर अकाउंट्स के लिंक भी मौजूद थे।

बता दें कि फिलहाल किसी भी हैकर ग्रुप ने इस हैकिंग की जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन हैकिंग की इस घटना के सामने आते ही सरकार इस मामले की जांच में जुट गई है। गौर हो कि मौसम विज्ञान विभाग का ट्विटर हैंडल रीस्टोर कर लिया गया है। इसे करीब 2 घंटे से अधिक समय के लिए हैकर्स ने हैक कर लिया था। हैकर्स ने इसे हैक करके इस पर एनएफटी ट्रेडिंग शुरू कर दी थी।

## खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित हुए शरत कमल


**नई दिल्ली ।** भारत के दिग्गज टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंत शरत कमल को यहां राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा मेजर ध्यान चंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। राष्ट्रमंडल खेलों के दो बार के गोल्ड मेडलिस्ट शरत इस साल खेल रत्न से सम्मानित होने वाले एकमात्र खिलाड़ी हैं। वह आज मणिका बत्रा के बाद यह पुरस्कार पाने वाले दूसरे टेबल टेनिस खिलाड़ी बन गये। उम्र को धता बताने वाले 40 वर्षीय कमल ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में पुरुष एकल, पुरुष टीम और मिश्रित युगल में स्वर्ण जीते। इसके अलावा उन्होंने पुरुष युगल में भी चांदी का तमगा हासिल किया।

शरत के पिता श्रीनिवास राव ने केवल चार साल की उम्र में ही उनका परिचय टेबल टेनिस से करवा दिया था। अपने समय के टेबल टेनिस खिलाड़ी रहे श्रीनिवास ने भाई मुरलीधर राव के साथ मिलकर शरत को खेल की तकनीकी बारीकियां सिखाईं।

साल 2002 में भारत के लिये पदार्पण करने वाले शरत 20 सालों में सात स्वर्ण, तीन रजत और तीन कांस्य सहित कुल 13 राष्ट्रमंडल पदक जीत चुके हैं। इसके अलावा उन्होंने एशियाई खेल और एशियाई चैंपियनशिप में भी दो-दो कांसे के तमगे जीते हैं। शरत को खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित करने के अलावा श्रीमति मुर्मू ने 40 खिलाडिय़ों को अर्जुन पुरस्कार से भी सम्मानित किया। इन खिलाडिय़ों में सीमा पुनिया (एथलेटिक्स), एल्डहोज पॉल (एथलेटिक्स), अविनाश सेबल (एथलेटिक्स), लक्ष्य सेन (बैडमिंटन), एचएस प्रणय (बैडमिंटन), अमित पंघाल (मुक्केबाजी), निखत जऱीन ( मुक्केबाज़ी), भक्ति कुलकर्णी (शतरंज), आर प्रगनानंद (शतरंज), दीप ग्रेस एक्का (हॉकी), सुशीला देवी (जूडो), साक्षी कुमारी (कबड्डी), नयन मोनी सैकिया (लॉन बाउल्स), सागर ओवलकर (मल्लखंब), एलावेनिल वलारिवान (शूटिंग), ओम प्रकाश मिथरवाल (शूटिंग), श्रीजा अकुला (टेबल टेनिस), विकास ठाकुर (भारोत्तोलन), अंशु मलिक (कुश्ती), सरिता मोर (कुश्ती), परवीन (वुशु), मानशी जोशी (पैरा बैडमिंटन), तरुण ढिल्लों (पैरा बैडमिंटन), स्वप्निल पाटिल (पैरा तैराकी), जेरलिन अनिका जे (बधिर बैडमिंटन) के नाम शामिल हैं।

## वरुण धवन अनीस बाज्मी की कॉमेडी फिल्म में आ सकते हैं नजर

अभिनेता वरुण धवन की हॉरर फिल्म भेडिय़ा देशभर के सिनेमाघरों में लगी हुई है। फिल्म 25 नवंबर को रूपहले पर्दे पर आई है। शुरुआती तौर पर फिल्म को ठीक-ठाक प्रतिक्रिया मिली है। अब वरुण की अगली फिल्म को लेकर अहम जानकारी सामने आई है। खबरों की मानें तो वह जाने-माने फिल्ममेकर अनीस बाज्मी की फिल्म में नजर आ सकते हैं। दोनों के बीच एक एक्शन कॉमेडी फिल्म को लेकर बातचीत चल रही है।



रिपोर्ट के अनुसार, वरुण और अनीस एक एक्शन कॉमेडी फिल्म के लिए पहली बार गठजोड़ करेंगे। एक सूत्र ने बताया, वरुण और अनीस अगले साल के एक प्रोजेक्ट के लिए पहली बार साझेदारी करने पर बातचीत कर रहे हैं। अनीस अपने तरह की एक एक्शन कॉमेडी फिल्म पर काम कर रहे हैं और वरुण ने इस विषय में अपनी रुचि दिखाई है। वह फाइनल नैरेशन सुनने का इंतजार कर रहे हैं।

फाइनल नैरेशन पूरा होते ही फिल्म की टीम पेपरवर्क का काम पूरा करेगी। इसे जी स्टूडियोज और एखेलन प्रोडक्शंस के विशाल राणा के सहयोग से प्रोड्यस किया जाएगा। फिल्म की शूटिंग अगले साल शुरू हो सकती है। अभी फिल्म के बाकी कलाकारों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। कहा जा रहा है कि इंडस्ट्री को हॉरर कॉमेडी भेडिय़ा देने के बाद अनीस एक अलग मिजाज की कॉमेडी फिल्म बना सकते हैं।

## स्त्री 2 में काम करेंगी श्रद्धा कपूर

वर्ष 2018 में आई सुपरहिट मूवी स्त्री में श्रद्धा कपूर ने दर्शकों का दिल जीतने में कामयाबी हासिल की थी। अब एक बार फिर श्रद्धा फैंस का दिल जीतने के लिए आ रही है। अभिनेत्री जल्द ही स्त्री के सीक्वल स्त्री 2 में काम करती हुई दिखाई देने वाली है। श्रद्धा कपूर ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा कर दिया है, जो कि ठुमकेश्वरी का बिहाइंड द सीन वीडियो है। वीडियो में श्रद्धा कह रही हैं, अंदाजा लगाओ कौन वापस आ गया। यह तो बस छोटी सी झलक है कि मैं वापस आ रही हूं। स्त्री लौट आई है। सुपर वाइब। सेट पर लौटकर



काफी अच्छा लग रहा है। यह मेरे लिए बहुत अच्छा है, क्योंकि हम बाहुत जल्दी स्त्री 2 की शूटिंग शुरू करने जा रहे हैं।

अभिनेत्री का ये वीडियो देख उनके फैंस फिर से उत्साहित हो गए हैं और कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया भी देने लगे है।

## बनाएं प्याज के टेस्टी समोसे

अक्सर शाम होते ही हल्की सी भूख लगने लगती है। ऐसे में कुछ इंस्टेंट और हल्का खाने को मिल जाए, क्या ही कहने। अगर आप भी शाम के लिए ऐसे ही किसी हल्के नाश्ते की तलाश में हैं, तो प्याज की समोसे एक बढ़िया विकल्प होंगे।



### सामग्री :

**भरावन के लिए**

250 ग्राम प्याज
20 ग्राम सिका पोहा
2 बारीक कटी हरी मिर्च
2 चम्मच बारीक कटी हरी धनिया
1/4 चम्मच धनिया पाउडर
आधा चम्मच गरम मसाला
आधा चम्मच लाल मिर्च
आधा चम्मच जीरा पाउडर
स्वादानुसार नमक
केसिंग के लिए
250 ग्राम मैदा
आधा चम्मच नमक
गूंथने के लिए पानी
2 चम्मच पिघली हुई घी

### विधि :

सबसे पहले प्याज और स्टफिंग की सभी सामग्रियों को एक साथ मिला लें।

अब मैदा, नमक और घी मिलाकर गूंथ लें और इसे कुछ देर ढंककर छोड़ दें।इसके बाद छोटे साइज की गोल रोटी जैसा बेल लें।


अब मैदे और पानी की मदद से एक घोल तैयार करें और रोटी के किनारों को इससे चिपकाते हुए एक कोन बना लें।

इसके बाद एक तरफ से खुली जगह से इसमें स्टफिंग भरे और फिर इस हिस्से को भी अच्छे से बंद कर दें। अब एक कढ़ाई में तेल गर्म करें और इन समोसों को सुनहरा होने तक अच्छी तरह तलें। तैयार है आपके प्याज के समोसे। इसे सॉस या हरी चटनी के खास सर्व करें।

## शब्द सामर्थ्य- 268

**बाएं से दाएं**
1. ठुड्डी पर के बाल, ठुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

**ऊपर से नीचे**
1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादार 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ॠतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 267 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खा | म | खां | | | इं | | | |
| स | ह | | ब | र | सा | त | | प |
| | क | हा | नी | | न | क | च | ढ़ा |
| त | | | स्व | | | ली | | ई |
| क | या | म | त | | क | फ | न | |
| दी | | र्दा | | बा | बू | | ह | वा |
| र | ह | ना | | ल | त | खो | र | |
| | वा | | नौ | क | र | | | सा |
| भा | ई | | का | | | बा | द | ल |

## सू-दोकू- 268

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.267 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## आज का राशिफल

***मेष :*** आज का दिन अच्छा रहेगा। राजकाज में संघर्ष होगा। दैनिक रोजगार में प्रगति होगी। मन प्रसन्न होगा। कारोबार से लाभ होगा। आज धार्मिक कार्य सम्पन्न होगा। माता-पिता का सहयोग मिलेगा। मान सम्मान में बढोतरी होगी।

***वृष :*** आज का दिन सामान्य रहेगा। दूर-समीप की यात्रा बनेगी। परिवार पर व्यय होगा। मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। दायित्व का निर्वाह होगा। राजकाज में सफलता मिलेगी। पराक्रम में वृद्धि होगी। परिवार में सहयोग मिलेगा।

***मिथुन :*** परिवार में सामंजस्य बनेगा। संतान सुख मिलेगा। शत्रु परास्त होंगे। शिक्षा में प्रगति और निर्माण कार्य में बाधा आयेगी। अधिकारी से विवाद हो सकता है। धन में कठिनाई आयेगी। पारिवारिक समस्याएं आयेंगी। निर्माण में प्रगति होगी।

***कर्क :*** शारीरिक स्वास्थ्य में कमी आएगी। मानसिक तनाव अधिक होगा। व्यय अधिक होगा। दूर-समीप की यात्रा होगी। शारीरिक स्वास्थ्य में कमी आयेगी। मानसिक तनाव अधिक होगा।

***सिंह :*** कुटुम्बजनों में प्रसन्नता रहेगी। धन का लाभ होगा। समस्या का समाधान होगा। मानसिक शांति मिलेगी। कार्य में विजय प्राप्त होगी। पारिवारिक समस्याएं आयेंगी लेकिन जीवन साथी की त्यागभावना से संतुष्टि मिलेगी।

***कन्या :*** धन का लाभ होगा। नौकरी में उन्नति होगी। समस्या का समाधान होगा। व्यापार में विस्तार होगा। दाम्पत्य सुख की प्राप्ति होगी। दैनिक दिनचर्या अच्छी रहेगी। कार्यों में प्रगति होगी।

***तुला :*** धन का लाभ होगा। कारोबार में विस्तार और लाभ होगा। संतान का सहयोग मिलेगा। धर्म कार्य सम्पन्न होंगे। पराक्रम में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक होगा। दूर-समीप की यात्रा होगी। पराक्रम में वृद्धि होगी।

***वृश्चिक :*** कारोबार में सहयोग मिलेगा। कठिनाइयां दूर होगी। योजना का विस्तार होगा। शिक्षा पर धन खर्च होगा। धन का लाभ होगा। समस्या का समाधान होगा। परिवार की समस्या रहेगी।

***धनु :*** व्यापार में लाभ होगा। शिक्षा में लाभ मिलेगा। उदर-विकार होगा। कठिन परिश्रम करना पडेगा। धन का लाभ मिलेगा। धन का लाभ मिलेगा। परिवारिक समस्याएं रहेंगी। राजकाज में संघर्ष होगा।

***मकर :*** गुप्त शत्रु से हानि हो सकती है। मानसिक परेशानी रहेगी। उदर-विकार होगा। दैनिक रोजगार सामान्य रहेंगे। पत्नी के स्वास्थ्य में कष्ट रहेगा। दैनिक कार्य में बाधाएं आयेंगी। मानसिक अशांति रहेगी। राजकाज में विलम्ब होगा। निर्माण में प्रगति होगी।

***कुंभ :*** व्यय अधिक होगा। कारोबार से आर्थिक लाभ पहले से बढेगा। राजकाज में वृद्धि होगी। शिक्षा में लाभ मिलेगा। धन का लाभ होगा। अपव्यय रहेगा। यात्रा में कष्ट रहेगा। शत्रु पर विजय प्राप्त होगी।

***मीन :*** धन का लाभ मिलेगा। व्यापार में विस्तार होगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। संतान सुख मिलेगा। नई योजनाएं बनेंगी। कार्य में उत्साह रहेगा। राजनीतिक लाभ मिलेगा। धन का लाभ होगा। घरेलू समस्याएं आयेंगी।